प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

<u>13.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे</u>

<u>''आज के मुख्य समाचार''</u>

- भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की जारी की दूसरी सूची–हमीरपुर से अनुराग ठाकुर और शिमला से सुरेश कश्यप को मिला टिकट।
- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–ए.एस.आई ने कांगड़ा जिले के हरिपुर में तीन मंदिरों के संरक्षण व मुरम्मत कार्यों के लिए एक करोड़ 3 लाख रूपए किए स्वीकृत।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा–केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 10 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के किए उदघाटन व शिलान्यास।

अब समाचार विस्तार से..........

<u>टिकट</u>

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने लोकसभा चुनाव के लिए 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची आज जारी कर दी है। समिति ने हिमाचल प्रदेश के दो लोकसभा क्षेत्रों हमीरपुर और शिमला के प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। हमीरपुर से मौजूदा सांसद व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर जबकि शिमला से भी मौजूदा सांसद सुरेश कश्यप भाजपा प्रत्याशी बनाए गए हैं। कांगड़ा और मण्डी लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के नाम इस सूची में घोषित नहीं किए गए हैं।

<u>केन्द्रीय मंत्री</u>

कांगड़ा जिले के हरिपुर में 3 मंदिरों के संरक्षण व मुरम्मत कार्यों के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से एक करोड़ 3 लाख रूपए की स्वीकृति मिल गई है। केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इस राशि से हरिपुर स्थित गोवर्धन धारी मंदिर, कल्याण राय मंदिर और सरस्वती देवी मंदिर का जीर्णोद्धार सम्भव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि इन मंदिरों के जीर्णोद्धार कार्य से तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। गौरतलब है कि अनुराग ठाकुर ने दो दिन पहले ही देहरा में एक जनसभा के दौरान लोगों को इन मंदिरों के जीर्णोद्धार का भरोसा दिलाया था। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में धार्मिक स्थलों को एक नया सम्मान मिला है और उन्हें संजोए रखने के निरंतर प्रयास जारी हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज आस्था और अर्थव्यवस्था दोनों एक साथ प्रगति कर रहे हैं जो केन्द्र की मोदी सरकार की देन है। उन्होंने देश की समृद्ध आध्यात्मिक परम्परा व सम्पदा के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने और नवीकरण के उद्देश्य से चलाई जा रही अनेक परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया।

अनुराग ठाकुर

इस बीच केंद्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और डी.डी. न्यूज की संशोधित वैबसाईटों का शुभारम्भ किया। उन्होंने प्रसार भारती के प्रसारणों के प्रचार के लिए ऑडियो विजुअल माध्यम शब्द भी लांच किया। इस अवसर पर अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आकाशवाणी पिछले 7 से 8 दशकों से जन–जन तक सूचना और केंद्र सरकार की योजनाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि अब ऐप्प की शुरूआत होने से यह प्रक्रिया और सरल हो जाएगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोक प्रसारक के रूप में दूरदर्शन और आकाशवाणी वर्षों से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने नेटवर्क के माध्यम से दोनों लोक प्रसारकों ने देश के हर कोने में स्थानीय भाषा को प्रोत्साहन देकर सभी लोगों तक जानकारी पहुंचाई है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि न्यूज़ ऑन ए आई आर ऐप सरकारी योजनाओं के बारे में समाचार और जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली माध्यम है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों, युवाओं, किसानों और महिला वर्गों के उत्थान से ही समाज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। राज्यपाल ने आज सोलन जिला के परवाणू में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ये बात कही। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावशाली क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि पात्र लोग इनसे लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर राज्यपाल ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया और लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किये। राज्यपाल ने विभिन्न विभागों व गैर सरकारी संगठनों द्वारा लगाई गई कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज सिरमौर जिला के शिलाई विधानसभा क्षेत्र में लगभग एक सौ 10 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इस अवसर पर शिलाई में जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से जो वायदे किए उन्हें पूरा किया जा रहा है और वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध निपटारा और भ्रष्टाचार उन्मूलन प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि 6 सौ 80 करोड़ रूपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना, 5 सौ करोड़ रूपए की हिमगंगा योजना और सौर उर्जा जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं के लिए स्वरोजगार के बेहतर अवसर सृजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

खनिज नीति

राज्य सरकार ने प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने और राजस्व को बढ़ावा देने के लिए वर्ष–2024 के लिए नई खनिज नीति को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में खनन गतिविधियों के लिए वैज्ञानिक तकनीक को बढ़ावा देना है जिसमें पर्यावरण संरक्षण पर और अधिक बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खनिज नीति–2024 प्रदेश की खनन सम्पदा का जिम्मेदारी से दोहन सुनिश्चित करेगी और सतत खनिज पद्धति को बढ़ावा प्रदान कर प्रदेश के लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएगी।

अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्हिोत्री ने आज ऊना जिले में हरोली विधानसभा क्षेत्र के नगनोली में निर्मित राजा भृतहिर मुख्य द्वार और उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने नगनोली से ऊना तक चलने वाली एचआरटीसी बस सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर अग्निहोत्री ने कहा कि जिले के प्रत्येक घर को पीने के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बाद में उन्होंने नगनोली और देहलां में जनसमस्याएं भी सुनी और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया।

अनुराग दौरा

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर कल 14 मार्च से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अनुराग ठाकुर कल देहरा और सुजानपुर में नशामुक्त सुरक्षा युक्त बाईक रैली निकालेंगे। बाद में केन्द्रीय मंत्री का धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के संधोल, कोठवां, धलारा, झंगी, मढ़ी और कमलाह में जनसभाओं को सम्बोधित करने का कार्यक्रम है। अनुराग ठाकुर 15 मार्च को बड़सर विधानसभा क्षेत्र के समोह और कुटलैहड़ क्षेत्र के दोघी में नशामुक्त सुरक्षायुक्त बाईक रैली में भाग लेंगे। इसके अलावा वे ऊना रेलवे स्टेशन से इंदौर चण्डीगढ़ एक्सप्रैस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

एसएम अकरम

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस.एम. अकरम ने कहा है कि कुछ विपक्षी दल राजनीतिक द्वेष के चलते सीएए का विरोध कर रहे हैं। शिमला में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा आयोजित किए गए मोदी मित्र स्नेह संवाद कार्यक्रम के दौरान आज उन्होंने कहा कि मुसलमान और अल्पसंख्यक का सी.ए.ए. से कोई लेना देना नही है। एस.एम अकरम ने कहा कि कुछ लोग सीएए को लेकर लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों में हालात सही नही होने के कारण लोग यहां आए थे और कई वर्षों के बाद भी उन्हें राष्ट्रीयता नही मिल पाई है अब उन्हें नागरिकता दी जाएगी। एस एम अकरम ने कहा कि देशभर में मोदी मित्र स्नेह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है और जो लोग राजनीति से दूर हैं उन्हें राजनीति में शामिल कर मोदी मित्र बनाया जा रहा है।

आर.एस. बाली

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस बाली ने कहा है कि मंडी में शिवधाम का काम 33 करोड़ 44 लाख से पूरा किया जाएगा और शिमला के होटल पीटर हॉफ को 11 करोड़ व होटल होलीडे होम को साढ़े 5 करोड़ रूपए की लागत से रेनोवेट किया जाएगा। शिमला में आज एक पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटकों की सुरक्षा और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई होमस्टे पॉलिसी लाई जाएगी।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की जारी की दूसरी सूची–हमीरपुर से अनुराग ठाकुर और शिमला से सुरेश कश्यप को मिला टिकट।
- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–ए.एस.आई ने कांगड़ा जिले के हरिपुर में तीन मंदिरों के संरक्षण व मुरम्मत कार्यों के लिए एक करोड़ 3 लाख रूपए किए स्वीकृत।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा–केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 10 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के किए उदघाटन व शिलान्यास।

नमस्कार।